# University in News on 06 September 2025


## HINDUSTAN PAGE 8

# दीक्षांत में पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार को मिलेगी मानद उपाधि

**एलयू**

**लखनऊ, संवाददाता।** एलयू में 10 सितंबर को दीक्षांत समारोह में पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार को मानद उपाधि से नवाजा जाएगा। कुलपति की ओर से राजभवन को तीन नाम भेजे गए थे जिसमें राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने पूर्व डीजीपी के नाम पर मंजूरी दी।

शुक्रवार को कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी डॉ. पंकज एल. जानी की ओर से एलयू कुलपति को पत्र जारी कर दिया गया है। बता दें कि प्रशांत कुमार 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और बिहार के सीवान जिले से आते हैं। उनकी पहचान तेज तर्रार, निर्णयात्मक अफसर के रूप में रही है। उनको साहस और नेतृत्व के लिए लगातार 2020, 2021, 2022 और 2023 में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



**10 सितंबर को दीक्षांत में मानद उपाधि प्रशांत कुमार को दी जाएगी**

## AMRIT VICHAR PAGE 7

### लविविः कई विषयों में सीट आवंटन जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश सत्र 2025-26 के अन्तर्गत ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए एमएड की उपलब्ध सीटों के सापेक्ष आवंटन का परिणाम अभ्यर्थियों के लॉगिन पर उपलब्ध करा दिया गया है। उपरोक्त पाठ्यक्रम का मेरिट के अनुसार सीट आवंटन जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपने अप्लीकेशन फार्म नंबर की सहायता से सीट आवंटन देख कर ऑनलाइन सीट कंफर्मेशन शुल्क 7 सितंबर की मध्य रात्रि 12 बजे तक अवश्य जमा कर दें। इसी प्रकार विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश सत्र 2025-26 के अन्तर्गत ऑनलाइन काउंसलिंग के अन्तर्गत एलएलबी, एमएससी जैवरसायन की 5वीं आवंटन व अपग्रेडेशन का परिणाम जारी किया गया है।

### प्राणि विज्ञान परास्नातक की सूची जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश सत्र 2025-26 के अन्तर्गत एमएससी प्राणि विज्ञान की ऑनलाइन काउंसिलिंग के लिए चौथी आवंटन और अपग्रेडेशन सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी अपने अप्लीकेशन फार्म नंबर की सहायता से सीट आवंटन देख कर ऑनलाइन सीट कंफर्मेशन शुल्क 7 सितंबर की मध्य रात्रि 12 बजे तक अवश्य जमा कर दें।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### लविवि : प्रवेश की आवंटन सूची जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक प्रवेश परीक्षा-2025 की काउंसिलिंग के क्रम में एमएड की सीटों के लिए पहली आवंटन सूची शुक्रवार को जारी कर दी गई है। वहीं, एलएलबी और एमएससी-बायोकेमिस्ट्री की सीटों के लिए पांचवीं आवंटन सूची शुक्रवार को जारी कर दी गई है। एमएससी जुलोजी की सीटों के लिए चौथी आवंटन सूची शुक्रवार को जारी कर दी गई। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि आवंटन सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अभ्यर्थी आवंटित सूची देख कर सीटें सुनिश्चित करने को 7 सितंबर तक फीस जरूर जमा कर दें। (माई सिटी रिपोर्टर)